# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498

वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

M.P. EMPLOYEES SELECTION BOARD
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल

## परीक्षा–परिणाम

म.प्र. पुलिस सूबेदार एवं उपनिरीक्षक सवंर्ग हेतु भर्ती मुख्य परीक्षा
(द्वितीय चरण)

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : **29.04.2026**

परीक्षा परिणाम तिथि : **18 मई 2026**

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

18/5/26

# म.प्र. पुलिस सूबेदार एवं उपनिरीक्षक सवंर्ग हेतु भर्ती मुख्य परीक्षा (द्वितीय चरण)–2025 का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 29.04.2026 तक म.प्र. के 4 शहरों भोपाल, जबलपुर सागर, एवं सीधी में म.प्र. पुलिस सूबेदार एवं उपनिरीक्षक सवंर्ग हेतु भर्ती मुख्य परीक्षा (द्वितीय चरण)–2025 का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है:–

1. पुलिस मुख्यालय द्वारा अंतिम रूप से उपलब्ध कराए गए सीधी भर्ती के कुल 500 रिक्त पदों हेतु ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया था। 87% मुख्य भाग हेतु 1308, UR काल्पनिक हेतु 192, OBC प्रावधिक हेतु 192 कुल 1692 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए पात्र हुए हैं।
2. परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत Percentile के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
3. पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए नियम के अनुसार परीक्षा परिणाम की रोल नंबर क्रम में सूची, आरक्षण संबंधी समस्त नियमों के आधार पर तैयार कर चयन समिति की अनुशंसा हेतु पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जायेगी। श्रेणीवार–वर्गवार अनुसार 3 गुना संख्या में अंतिम उम्मीदवार के बराबर Percentile प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को द्वितीय चरण की परीक्षा का अवसर दिया गया है, भले ही कुल संख्या 3 गुना से अधिक हो जावे।
4. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम में सभी अभ्यर्थियों के Percentile नहीं दर्शाए गए हैं। चयन परीक्षा के समस्त चरण सम्पन्न होने के पश्चात् अभ्यर्थियों के Percentile का विवरण ई.एस.बी. की वेबसाइट पर प्रदर्शित/उपलब्ध कराया जायेगा।
5. शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए योग्य आवेदकों की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों इत्यादि का सत्यापन व परीक्षण पुलिस मुख्यालय स्तर से किया जायेगा।
6. परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। जहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम, द्वितीय चरण हेतु पात्र आवेदकों की पी.डी.एफ. प्राप्त कर सकते हैं।
7. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।
8. नियमपुस्तिका के नियम क्रं. 2.9(अ) पृष्ठ क्रं. 41 में उल्लेखित बिंदू क्रं. 12 "परीक्षा उपरांत, परीक्षा संबंधी डाटा का सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर आवेदकों की गतिविधि असामान्य परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी को यू. एफ.एम. श्रेणी मान्य कर उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जायेगी।" के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

भोपाल,
दिनांक : 18-05-2026

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल